

साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



# सामाजिक न्याय संघ के समक्ष शपथपत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया

▶ शिक्षाकर्मी वर्ग 3 में नियुक्ति न्यायोचित रीति से नहीं होने की शिकायत ▶ अपात्र को भी नौकरी में लिया गया ▶ आर टी ई के तहत् प्राप्त की जानकारी




नियुक्ति आदेश जारी किया गया तब मुझे यह जानकर बेहद आश्चर्य हुआ कि मेरे से कम प्राप्तांक के लोगों को ज्वाईनिंग दी गई, जो कि उचित नहीं था। जो अनुपस्थित थें उनको भी ज्वाईनिंग कराया गया है, जो कि पूरी प्रक्रिया को दूषित बनाता है।

सेत कुमार यादव आ0 चमार सिंह यादव, निवासी ग्राम भठली, पो0 लुकापारा, थाना सरिया, तहसील बरमकेला, रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0, ने अपने द्वारा प्रस्तुत आवेदन मय शपथ-प0 में बताया कि जनपद पंचायत बरमकेला में शिक्षाकर्मी वर्ग 03 के रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया था, जिसपर मेरे द्वारा एवं बहुत से अन्य लोगों के द्वारा नौकरी में चयनित होने बाबत् आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया था। उक्तानुसार प्रस्तुत किए गए आवेदन के सापेक्ष में मुझे भी अन्य लोगों के साथ काउन्सलिंग सूची में रखा गया था। उक्त काउन्सलिंग सूची में मुझे मेरे प्राप्तांक 58.67 के आधार पर जगह मिली थीं। जिस समय नियुक्ति आदेश जारी किया गया तब मुझे यह जानकर बेहद आश्चर्य हुआ कि मेरे से कम प्राप्तांक के लोगों को ज्वाईनिंग दी गई, जो कि उचित नहीं था।

अपने आवेदन में यादव ने कहा कि मेरे द्वारा उक्त सम्बंध में न्यायोचित जॉच कराके न्याय पाने का निश्चय किया गया, अतः मेरे द्वारा दिनॉक 03.07.2007 को हुई काउन्सलिंग सूची सम्बंधी समस्त दस्तावेज सूचना के अधिकार के तहत् प्राप्त किए गए, जो कि इस आवेदन के साथ संलग्न हैं। सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तावेज से स्पष्ट है कि तत्समय उक्तानुसार की गई नियुक्तियॉ उचित नहीं थीं, जिनको नियुक्तियॉ दी गई वे पात्र नहीं थें, इसके साथ ही उक्त दस्तावेज से यह भी स्पष्ट है कि जो अनुपस्थित थें उनको भी ज्वाईनिंग कराया गया है, जो कि पूरी प्रक्रिया को दूषित बनाता है।

अपने आवेदन में कहा कि उक्त दस्तावेज से यह भी मेरे प्राप्तांक 58.67 हैं, और मेरे से कम प्राप्तांक 58.55 पाने वाले मोतीलाल को नियुक्ति मिली है, वर्तमान में वे कार्यरत् हैं, इससे प्रमाणित है कि नियुक्ति प्रक्रिया दूषित थीं और इससे यह भी स्पष्ट है कि बिना लाभ पाए इस प्रकार के परिणाम घोषित नहीं किए जाते। इस पूरी प्रक्रिया और प्राप्त दस्तावेजों से यह भी जाहिर है कि जिसने काउन्सलिंग में भाग ही नहीं लिए उसे भी नियुक्ति दी गई। प्रस्तुत किए गए दस्तावेज से जाहिर है कि काउन्सलिंग सूची में देर्वाचन, देवगॉव का नाम ही नहीं है, जबकि उसे इसी प्रक्रिया के तहत् नियुक्ति दी गई है, जो कि पूर्णतः अन्याय है, और इस पूरी प्रक्रिया को दूषित मानते हुए रद्द किया जाना चाहिए। मैं उक्तानुसार प्रताड़ित हो रहा हूॅ , जिससे मुझे बेहद मानसिक कष्ट हो रहा है, अतः यह आवेदन मय गवाहान् न्याय हेतु आपके समक्ष सामाजिक न्याय संघ में प्रस्तुत कर रहा हूॅ, ताकि न्याय प्राप्ति हो सके।

प्रस्तुत किए गए आवेदन मय शपथपत्र के सापेक्ष में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए शासन से मान्यता प्राप्त संघ ने इसे माननीय राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक,पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत रायगढ़, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त, आ.जा.क. विभाग,मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बरमकेला,थाना प्रभारी, थाना बरमकेला, को भेजा है, जिसपर संज्ञान लिया जा चुका है, और कार्यवाही जारी है।

## हवाई सेवा शुरू होने में 3 माह और लगेंगे

**जगदलपुर।** रीजनल एयर कनेक्टीविटी उड़ान स्कीम के दूसरे चरण में जगदलपुर को शामिल कर लिया गया है। गत 5 सितंबर को देश की राजधानी दिल्ली में हुई उड़ान की बैठक में छत्तीसगढ़ के दो जिलों, बस्तर जिले के जगदलपुर व कोरबा को शामिल करते हुए रीजनल एयर कनेक्टीविटी देने की कयासों पर मुहर लगा दी गई है। वहीं आगामी 26 सितंबर को होने वाली नागरिक उड्डयन मंत्रालय की बैठक में इसका खाका खींचा जाएगा। अफसरों की मानें तो आगामी तकरीबन तीन महीनों बाद जगदलपुर से यात्री विमान उड़ान भरेंगे। इस बीच यहां विमानतल पर बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का दावा भी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

फिलहाल जगदलपुर व कोरबा में चल रहे विमानतल के निर्माण कार्यों की कछुआ चाल ने हवाई सेवा को 3 महीने आगे खिसका दिया है। ज्ञात हो कि पूर्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सितंबर से जगदलपुर से यात्री विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी किन्तु कहीं से भी ऐसे आसार नजर नहीं आ रहे हैं कि इस माह से यात्री विमान सेवा शुरू हो पायेगी। उल्टा अब नये वर्ष से ही जगदलपुर से यात्री विमान सेवा शुरू होगी। वर्तमान में तो निर्माण कार्यों के चलते विमानतल पूरी तरह से अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ है।

इस संबंध में सचिव विमानन छग के मुकेश बसंल ने बताया कि जगदलपुर व कोरबा को उड़ान के दूसरे चरण में शामिल कर लिया गया है। आगामी लगभग 3 महीनों में यहां कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे। जिसके बाद यात्री विमान सेवा भी शुरू हो जाएगी।

## युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** चंगोराभाठा दुर्गा किराया भंडार के पास एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश साहू पिता सरजू साहू 25 वर्ष शिव मंदिर के पास श्रीरामनगर न्यू चंगोराभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात मोहल्ले में ही रहने वाला आरोपी सुमीत देशमुख पिता नेतराम देशमुख 21 वर्ष गणेश विसर्जन के लिए जा रहा था और हाथ फैला कर नाच रहा था। जिससे प्रार्थी ने हाथ फैलाने से मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी के पेट पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

## घर से हजारों का सामान पार

**रायपुर।** जलविहार कालोनी स्थित मकान में बीती अज्ञात चोर ने प्रवेश कर लेपटाप, हार्ड डिस्क, पेनड्राईव, डोंगल, मोबाईल, एटीएम कार्ड व अन्य कागजात पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप्ता चंद महंती पिता प्रफुल्ल महंती 32 वर्ष जलविहार कालोनी तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर प्रवेश कर कमरे में रखे लेपटाप, हार्ड डिस्क, पेनड्राईव, डोंगल, मोबाईल, एटीएम कार्ड व अन्य कागजात पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 42100 रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## मामूली बात पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** लाखेनगर ढाल के पास दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर किसी चीज से मारकर चोट पहुंचाए। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक यादव पिता रामलाल यादव 23 वर्ष गोपियापारा पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि 8 अगस्त की रात प्रार्थी झांकी में नाच रहा तभी लाखेनगर ढाल के पास आरोपी आकाश उपाध्याय से टकरा गया। जिससे आरोपी आकाश ने अपने दोस्त के साथ मिलकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर किसी चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506बी,323,34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## युवक पर ब्लेड से हमला

**रायपुर।** भाठागांव स्थित दंतेश्वरी तालाब के पास एक युवक ने दूसरे युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छोटू साहू पिता रघुनंदन साहू 28 वर्ष भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थी भाठागांव स्थित दंतेश्वरी तालाब के पास खड़ा था तभी आरोपी छोटू लाल साहू प्रार्थी के पास आया और बिना कारण विवाद कर प्रार्थी के सीर पर ब्लेड से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,506बी,323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## उत्तर-पश्चिम म्यांमार में रोहिंग्याओं के आठ गांव जलकर खाक

**यंगून।** उत्तर-पश्चिम म्यांमार के एक हिस्से में आठ गांव जलकर खाक हो गए। हिंसा से बचने के लिए इन गांवों में बड़ी संख्या में रोहिंग्या मुस्लिमों ने शरण भी ली हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों ने बताया कि आगजनी की यह घटना राथेडांग कस्बे में हुई। उनका कहना है कि इस आग में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के शिविर भी जल गए। इलाके में रखाइन बौद्ध और रोहिंग्या मुस्लिम आबादी साथ-साथ



रहती है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि इन गांवों में आग किसने लगाई। इलाके में स्वतंत्र पत्रकारों के जाने की मनाही है। मानवाधिकार पर्यवेक्षकों और भाग रहे रोहिंग्याओं का कहना है कि सेना और रखाइन मिलकर मुस्लिम आबादी को बाहर निकालने के लिए अभियान चला रहे हैं। म्यांमार का कहना है कि उसके सुरक्षा बल चरमपंथी आतंकियों का सफाया करने का अभियान चला रहे हैं। गांवों में आगजनी की ताजा घटना से रोहिंग्या मुस्लिमों की बांग्लादेश की ओर पलायन की संभावना बढ़ गई है। जबकि पिछले दो हफ्तों में करीब 2,70,000 रोहिंग्या पहले ही पलायन कर चुके हैं। राथेडांग का इलाका बांग्लादेश सीमा से काफी दूर है। मानवतावादी कार्यकर्ताओं को आशंका है कि बड़ी संख्या में मुस्लिम वहां फंस गए हैं। बताते हैं कि गांववासी अब घने जंगलों में छिप रहे हैं या फिर वे मानसूनी बारिश के बीच दिनभर पैदल चलकर मोंगडॉ क्षेत्र या पश्चिम में उससे भी आगे नफ नदी की ओर जा रहे हैं। यह नदी म्यांमार को बांग्लादेश से अलग करती है।

## चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते दो युवक को गिरफ्तार किए है।

बताया जाता है कि कल रात पुलिस को सूचना मिली की कालीबाड़ी चौक के पास दो युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी संतोष पिता केशव कन्नौजे 25 वर्ष निवासी बी एस यू पी कालोनी सडडु व दौलत पिता सेतवा साहू 27 वर्ष निवासी रामनगर गुढ़ियारी को गिरफ्तार किए है। पुलिस ने दोनों के पास से चाकू बरामद किए है।

## चीनी कर्ज के बोझ तले दबे श्रीलंका के प्रति अमेरिका ने जतायी चिंता

**वाशिंगटन(आरएनएस)।** अमेरिका ने चीन से गैर-रियायती कर्ज के कारण श्रीलंका पर 'असुरक्षित ऋण बोझ' पर चिंता व्यक्त की है। श्रीलंका में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में चीन अरबों रुपये खर्च कर रहा है। चीन के कर्ज भुगतान के लिए श्रीलंका संघर्ष कर रहा है और हाल में ही हंबनटोटा बंदगाह में चीनी फर्म के शयर के कुछ कर्ज का भुगतान करने के लिए एक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया। 1.1 बिलियन के इस डील के तहत चीनी कंपनी हंबनटोटा बंदगाह का विकास करेगी। एक शीर्ष अमेरिकी राजनयिक एलिस वेल्स ने कहा, 'चीन गैर रियायती कर्ज उपलब्ध करा रहा है जो असुरक्षित कर्ज के बोझ को बढ़ाएगा जो मुझे लगता है सरकार में श्रीलंकाई लोगों के लिए चिंता बढ़ाएगा। श्रीलंका को दी जाने वाली अपनी मदद में अमेरिका ने 92 फीसद की कमी कर दी है।

## गणेश विसर्जन के दौरान युवक से मारपीट

**रायपुर।** ब्रम्हदेव चौक काठाडीह के पास तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सुरेश साहू पिता विश्राम साहू 19 वर्ष काठाडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल रात मोहल्ले के ही गणेश झांकी में विसर्जन करने जा रहा था। इस दौरान प्रार्थी व अन्य लड़के नाच रहे थे।

## जहरीली शराब से मौतों के खिलाफ आज रांची बंद

**रांची।** राजधानी में जहरीली शराब से हुई मौतों के विरोध में शनिवार को कांग्रेस ने रांची में बंद का आह्वान किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस बंद का समर्थन किया है। वहीं, बंद के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बंद के दौरान उपद्रव मचाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी और उनकी गिरफ्तारी लेगी। वहीं, बंद समर्थकों के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता 107 के तहत कार्रवाई की जा रही है। इधर, उप राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर पुलिस पहले से ही मुस्तैद है। ऊपर से कांग्रेस के रांची बंद को देखते हुए रिजर्व में रखे गए जवानों को भी सड़क पर उतार दिया गया है, ताकि शहर में अमन-चैन बना रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने बंद का समर्थन करते हुए कहा कि राज्य में लगातार मौतों का सिलसिला चल रहा है। कहीं जहरीली शराब पीकर जवान मर रहे हैं तो कहीं अस्पतालों में बच्चों की जान जा रही है। सरकार इन घटनाओं के प्रति संवेदनहीन है। इधर समाजवाी पार्टी ने भी बंद का समर्थन देने की घोषणा की है। महानगर युवा कांग्रेस की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें शनिवार को रांची बंद को लेकर चर्चा की गई। साथ ही बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष राजीव नारायण प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। राजेश सिन्हा सन्नी ने कहा कि बंदी ऐतिहासिक होगी। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश कुजूर ने आम लोगों से बंदी को सफल बनाने की अपील की। बैठक में कुलदीप कुमार रवि, पंचम सिंह, चंदन सिंह, प्रिंस बट्ट, मो. इमरान खान, नरेंद्र सिंह, इमरान खान चिस्ती, विराट कुमार शर्मा, वेद प्रकाश तिवारी, राजीव नारायण आदि थे।

## अमेरिका की ओर बढ़ा 'इरमा', कैरेबियाई द्वीप में 17 की मौत

**हैती(आरएनएस)।** कैरेबियाई द्वीप से शुक्रवार को 'इरमा' तूफान गुजर गया, लेकिन इसके पहले इसने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। इसके चलते यहां कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई है। अब यह चक्रवाती तूफान अमेरिका की ओर बढ़ रहा है। अमेरिका में दस लाख लोगों को घर खाली करने के लिए कहा गया है। रेड क्रास ने बताया है कि 'इरमा' से अब तक 12 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, लेकिन यह संख्या बढ़कर 2.6 करोड़ तक पहुंच



सकती है। प्यूर्टो रिको में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है, जबकि तीस लाख बिना बिजली के रह रहे हैं। वाशिंगटन में केंद्रीय आपात प्रबंधन एजेंसी (एफईएमए) ने बताया कि 'इरमा' का लगातार खतरा बना हुआ है। यह फ्लोरिडा या दक्षिण अमेरिकी प्रांतों में तबाही ला सकता है। एफईएमए के प्रमुख ब्रोक लांग ने कहा, 'पूरे दक्षिण पूर्वी अमेरिका को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। यह वाकई विनाशकारी होगा।' अमेरिका के वर्जिन आइलैंड में चार लोगों की मौत हो गई है।

### 'इरमा' के बाद 'जोश' का संकट बरकरार

**अमेरिकी मौसम विभाग ने 'इरमा' जैसे एक और खतरनाक तूफान 'जोश' के आने की भविष्यवाणी की है। राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने बताया कि लीवर्ड द्वीप के 670 किमी पूर्व अटलांटिक महासागर में यह 'बेहद खतरनाक' तूफान उठा है। इसकी रफ्तार 240 किमी प्रति घंटे की थी, लेकिन पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर मुड़ने के कारण की गति 30 किमी प्रति घंटे रह गई है। शनिवार को यह उत्तरपूर्व लीवर्ड द्वीप के पूर्व या उसके पास से गुजरेगा।**